APP-A
Crime-I

सं.वा.प्रा.वरुण
वादीय
10-1-18

FORM N0. III
फर्द अहकाम
(नियम–26)

(2018/00060)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

नन्दाराम बनाम प्रभूसिंह व अन्य

किस्म मुकदमा/प्रा0 प0 बा0 दा0./नं0 60 /सन् 2018 जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.1.2018	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी/ अपीलान्ट अभि0 एस0पी0चौधरी उपस्थित हैं। यह प्रार्थना पत्र अपील संख्या 69/2013 (2013/00109) बउनवान नन्दाराम बनाम प्रभूसिंह व अन्य में न्यायालय हाजा द्वारा पारित आदेश दिनांक 15–11–2017 जिसके द्वारा अपील को अदम तकमील में खारिज किया गया है, को पुनः नम्बर लिया जाकर अपील पुनः दर्ज किये जाने हेतु दिनांक 22.11.2017 को प्रा0 प0 प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी/ अपीलान्ट अभि0 को प्रा0 पत्र के तथ्यों पर सुना गया। प्रार्थी/ अपीलार्थी द्वारा बा0दा0 प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया गया है कि प्रार्थना बाजदायरी अन्दर मियाद है तथा न्यायहित में अपीलान्ट को अपील के गुणावगुण पर सुना जाकर निर्णित किया जाना न्यायोचित होगा अतः प्रार्थी का प्रा0 प. बा0दा. स्वीकार किया जाकर मूल अपील को पुनः नम्बर पर लिया जाकर अपील में पुनः सुनवाई किये जाने बाबत आदेश पारित किये जावें । प्रार्थना पत्र बा0दा0 अन्दर मियाद होने से दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। अपील व प्रार्थना पत्र बाजदायरी का अवलोकन किया गया। मूल अपील अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज नहीं की जाकर अदम तकमील में खारिज की गई है । अतः प्रस्तुत प्रार्थना बाजदायरी नियमानुसार इस न्यायालय में पोषनीय नहीं होने से स्वीकार किये जाने योग्य नहीं होने के कारण अस्वीकार होकर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखील दफ्तर हो ।	

Scanned by CamScanner